ज्ञानोदय गुरुकुल

गोला रोड दानापुर पटना ८०१५०३

# अर्धवार्षिक परीक्षा - (2019-20)

वर्ग – IX

पूर्णांक : - 80

विषय: - fgaUnh  समय: - ३ घंटा

## सामान्य निर्देश:-

- *सभी प्रशन अनिवार्य हैं।*
- *सभी प्रशनों के उत्तर उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।*
- *प्रशन पत्र में कुछ भी नहीं लिखा होना चाहिए।*

**1. इस अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए -**

हिंदी सजीव भाषा है। इसी कारण इसने अरबी, फारसी आदि के संपर्क में आकर उनके शब्द ग्रहण कर लिए। अब अंग्रेजी के शब्दों को भी ग्रहण कर रही है। इसे भाषा दोष नहीं, गुण समझना चाहिए। अपनी इस ग्रहण शक्ति से हिंदी का विकास हो रहा है, हास नहीं। जैसे-जैसे इसका प्रचार बढ़ेगा, वैसे-वैसे इसमे नए शब्द आते जाएँगे। हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नष्ट नही कर रही है- कहीं अन्य भाषाओं के बेमेल शब्दों के मिश्रण से अपना रूप तो नहीं बिगाड़ रही है।

**(क) हिंदी कैसी भाषा है ?**

(अ) मातृभाषा ( ) (ब) राष्ट्रभाषा ( )

(स) सजीव भाषा ( ) (द) निर्जीव भाषा ( )

**(ख) इसने किन-किन भाषाओं के शब्दों को ग्रहण किया है ?**

(अ) अरबी-फारसी ( ) (ब) अंग्रेजी ( )

(स) उर्दू ( ) (द) ये सभी ( )

**(ग) इसने किन-किन भाषाओं के शब्दों को ग्रहण किया है ?**

(अ) अरबी-फारसी ( ) (ब) राष्ट्रभाषा ( )

(स) सजीव भाषा ( ) (द) निर्जीव भाषा ( )

**(घ) हिंदी में नए शब्दों का आगमन क्यों उचित है ?**

(अ) भाषा का विकास होता है । ( )

(ब) शब्द-भंडार में वृद्धि होती है। ( )

(स) सुंदर भाषा प्रवाह ( )

(द) उपर्युक्त सभी ( )

**(ङ.) दूसरी भाषाओं से शब्द लेते समय किस बात का ध्यान रखना चाहिए?**

(अ) अपना स्वरूप न बिगड़े ( )

(ब) अपना आकार विशाल हो ( )

(स) सब कुछ समा लें। ( )

(द) अपना रूप आकर्षक बने ( )

**2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए**

**(क) 'धरती' शब्द के लिए उचित पर्यायवाची शब्द हैं -**

(अ) धरा, लक्ष्मी ( ) (ब) धरा, वसुधा ( )

(स) भूमि, हिम ( ) (द) भूमि, चारू ( )

**(ख) 'यह देश हमारा है।' रंगीन शब्द का विलोम चुनिए -**

(अ) राष्ट्र ( ) (ब) मातृभूमि ( )

(स) विदेश ( ) (द) प्रांत ( )

**(ग) 'मैं उनकी सफेद दाढ़ी में उँगलियाँ' फेरता रहा। वाक्य में सही विशेषण कौन सा है ?**

(अ) सफेद ( ) (ब) दाढ़ी ( )

(स) उँगलियाँ ( ) (द) फेरता ( )

**(घ) 'अधिकतर' का मूल शब्द हैं -**

(अ) अधि ( ) (ब) अधिक ( )

(स) तर ( ) (द) धिक ( )

**(ड.) 'प्रशासन' शब्द इस मेल से बना हैं -**

(अ) 'प्र + शासन' के मेल से ( )

(ब) 'प्र + शा । सन' के मेल से ( )

(स) 'प्रशा। सन' के मेल से ( )

(द) 'प्रशा+स+न' के मेल से ( )

**3. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए(क) उद्देश्य एवं विधेय अलग-अलग करके लिखिए -**

(अ) पौधा मर चुका था (ब) उसकी माता ने बिंदा को पुकारा

**(ख) निम्नलिखित में बोल्ड/गाढ़े शब्द का कारक-भेद बताइए -**

(अ) मोहन का दूध गरम हो रहा था।

(ब) चूल्हे पर चढ़ाया दूध उफन रहा था।

**(ग) वर्ण विच्छेद कीजिए- मुट्ठी, दस्तकारी।**

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों में निपात रेखांकित कीजिए -**

(अ) आप कोई गीत ही सुना दीजिए ।

(ब) चीफ साहब की पत्नी भी आई थी।

**(ङ.) तत्सम रूप लिखिए-** गाँव, आँसू ।

**4. निर्देशानुसार प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर पठित पाटों के आधार पर लिखिए -**

(क) 'इनसे प्लावित देश हमारा' से क्या अभिप्राय है ?

(ख) सुभान खाँ हज पर जाने के लिए कर्ज क्यों नहीं लेना चाहते थे ?

(ग) अपने जीवन का सूनापन पपीतेवाली कैसे भरती थी ?

(घ) जगदीशचंद्र बसु के किस प्रयोग के आधार पर आज के रेडियो काम करते हैं ?

(ङ.) धरती को बहुत बड़ी और निर्मम क्यों कहा गया है ?

(च) बिंदा की नई अम्मा गुड़िया जैसी क्यों दिखती थी ?

(छ) बरामदे में पहुंचने पर शामनाथ क्यों ठिठक गए ?

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए- (कोई दो)**

(क) सुभान खाँ के व्यक्तित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) पपीतेवाली को कविता से अतिरिक्त स्नेह क्यों था?

(ग) जगदीशचंद्र बसु ने लंदन जाकर क्या किया तथा किस प्रकार प्रसिद्धि पाई ?

(घ) पशुपतिनाथ मंदिर का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**6. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर अनुच्देछ/निबंध लिखिए –**

**(क) समय बहुमूल्य है**

* समय लौटकर नहीं आता

* समय का उपयोग सफलता का कारण

* समय का उपयोग करने वाले महान लोगों के उदाहरण

* उपसंहार

**(ख) कम्प्यूटर- एक क्रांति**

* एक चम्तकारी यंत्र

* महत्व

* उपयोगिता

* कम्प्यूटर से हानियाँ

**7. विद्‌यालय में संपन्न हुए वार्षिकोत्सव के बारे में समाचारपत्र हेतु रिपोर्ट तैयार कीजिए।**

**8. सर्वनाम की परिभाषा लिखें ?**

**9. काल की परिभाष तथा उनके भेद लिखें ?**

**10. इनके पर्यावाची दो दो शब्द लिखें:**

(क) आग (ख) पहाड़

(ग) पेड़ (घ) जल

**11. उपसर्ग किसे कहते हैं ?**

**12. प्रत्यय किसे कहते हैं ? इनके कितने भेद हैं ?**

**13. दोनों में से कोई एक पत्र 40-50 शब्दों में लिखें :**

**सुसंगति का महत्व बताते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।**

**या**

**विद्‌यालय में संपन्न हुए वार्षिकोत्सव के बारे में समाचार पत्र हेतु रिर्पोट तैयार कीजिए ।**